# आनन्द रघुनन्दन नाटक

آنند رگھنندن ناٹک

श्री मन्महाराजाधिराज श्री बघेलवंश विश्वनाथ सिंह स्वर्गवासी कृत

जिसमें

संस्कृत प्राकृत देवनागरी गद्य पद्य इत्यादि अनेक भांति की भाषा-ओं में श्री राम चरित्रान्तर्गत मुनिजन शिरोमणि ब्रह्मर्षि विश्वामित्र जी महाराज की मख रक्षा से श्री परब्रह्म परमेश्वर दशरथ कुमार रामचन्द्रजी महाराज के सिंहासन पर विराजमान होने पर्य्यन्त का वृत्तान्त नट नाट्य कला सहित जनमोत्तम ललित नाटक भाषा सात अङ्कों में वर्णित है

पहली बार

लखनऊ

मुंशी नवलकिशोर के छापेखाने में छपा

जनवरी सन् १८८१ ई०

# विज्ञप्ति

इस महीने अर्थात् जनवरी सन् १८८२ ई० पर्य्यन्त जो पुस्तकें बेचने के लिये तय्यार हैं वह इस फेहरिस्त में लिखी हैं और उन का मोल भी बहुत किफ़ायत से घटा कर लिखा है परन्तु व्यापारियों के लिये और भी सस्ती होंगी जिन को व्यापार की इच्छा हो वह छापेखाने के मुहतमिम अथवा मालिक के नाम खत भेज कर कीमत का निर्णय करलें।

| नामकिताब | नामकिताब | नामकिताब | नामकिताब |
|---|---|---|---|
| भाषा (इतिहास) | ३ वनपर्व्व | मयेतसवीर | काव्य |
| महाभारत | ४ विराटपर्व्व | तथा मये क्षेपक | सूरसागर |
| १ हिस्सा में आदिपर्व्व, | ५ उद्योगपर्व्व | रामायण तुलसीकृत | कृष्णसागर |
| सभापर्व्व, वनपर्व्व, | ६ भीष्मपर्व्व | के सातों काण्ड | विश्रामसागर |
| २ हिस्सा में विराटपर्व्व, | ७ द्रोणपर्व्व | १ बालकाण्ड | प्रेमसागर |
| उद्योगपर्व्व, भीष्मपर्व्व, | ८ कर्णपर्व्व | २ अयोध्याकाण्ड | कृष्णक्रिया |
| द्रोणपर्व्व, | ९ शल्यपर्व्व-गदाव | ३ आरण्यकाण्ड | विजयमुक्तावली |
| ३ हिस्सा में कर्णपर्व्व, | सौप्तिकपर्व्व मये ये- | ४ किष्किन्धाकाण्ड | अनेकार्थ |
| शल्यपर्व्व, गदापर्व्व, | शिक व विशोक वस्त्री | ५ सुन्दरकाण्ड | छन्दोर्णव पिंगल |
| सौप्तिकपर्व्व, येशिकप- | पर्व्व | ६ लंकाकाण्ड | कविकुलकल्पतरु |
| र्व्व, विशोकपर्व्व, स्त्रीप | १० शांतिपर्व्व-राज | ७ उत्तरकाण्ड | रसराज |
| र्व्व, शांतिपर्व्व में, राज | धर्म्म व आपद्धर्म्म व | रामायण शब्दार्थकोष | सतसई सटीक |
| धर्म्म, आपद्धर्म्म, मोक्ष | मोक्षधर्म्म व दानधर्म्म | रामायण का इतिहास | सतसई |
| धर्म्म, | ११ अश्वमेध आश्रम | रामायण मानसदीपिका | सभाविलास |
| ४ हिस्सा में, शांतिपर्व्व, | वासक मुशलपर्व्व | रामायण कवितावली | तुलसी शब्दार्थ |
| दानधर्म्म, अश्वमेध, | महाप्रस्थान स्वर्गारोहन | रामायण गीतावली | भजनावली |
| आश्रमवासकपर्व्व व | १२ हरिवंशपर्व्व | रामायण गीतावली स- | प्रेमरत्न |
| मौसलपर्व्व व महाप्र- | रामायण रामविलास | विनयपत्रिका बा॰ मो॰ | युगुलविलास |
| स्थान स्वर्गारोहनपर्व्व, | रामायण तुलसीकृत | विनयपत्रिका बा॰ शि॰ | चित्रचन्द्रिका |
| व हरिवंशपर्व्व, | रामायण सटीक मयेमा- | पुराण | बारहमासा बल्देवप्र- |
| महाभारत पर्व्व पर्व्व | नसदीपिका कोश आदि | देवीभागवत | मनोहरलहरी |
| अलहदा भी हैं | तथा मयेतसवीर सटीक | वेदान्त | गंगालहरी |
| १ आदिपर्व्व | तथा जिल्दबंधी | योगवाशिष्ठ | यमुनालहरी |
| २ सभापर्व्व | तथा मोटे अक्षरों की- | प्रबोधचंद्रोदय नाटक | जगद्विनोद |

श्रीगणेशायनमः ॥

# अथआनन्दरघुनन्दननामनाटक ॥

———००———

छंदशिखा। अघरणघरणघरणदमुखमुख दलनदलनदलि दलि है। अकरमकरनकरतधनुशरप्रण उधरतरनचलि चलि है ॥ सदयनसदयसदय सदकरकर जनन जनन पर रति है । जगजगजगतगनतनतगुणगणगणप अहिपपशुपति है ॥ १ ॥ मृदुपदुपदुममदुममहिपनमनचलिअलिरहि रमिरमि है । चपचलचलनिकरतिबरबसबसुबयबयनअमिअमि है ॥ अतिमदमदन मदनमरदनसर सरसतरसपतितन है । जयजयजपतबिबुध बुधछनछन ममपतिपतिचिभुवनहै ॥ २ ॥

नाद्यंतेसूत्रधारः । अरे मारिष मोंको राजकुंवर की नाट्य करिबे की आज्ञा भई ऐसे समय जो सहायक तैं मिल्यो तो बड़ो काज भयो ॥

मारिषः । अरे बड़े बड़े नाट्य वाले ह्यां नाट्य करि गये हैं हमारो नाट्य कब काहू को नीको लगि है ॥

सूत्रधारोविस्मितः ( चण मनुध्याय आकाशे करनं दत्वा ) कहा कहियतु है ॥

पुनःप्रहस्य । वाहवा, वाहवा, महाआनन्द महाआनन्द मम प्रसाद आकसमाद तोको अनुपम नाटक मिलैगो ऐसी बानी की बानी सुनी परै है ॥

पारिपार्श्वकप्रवेशः । अरे सूत्रधार परम उदार राज कुमार आगे बहु प्रकार बिस्तार करु के कै राजद्वार वार अवतार पुन्न उत्साह मो जो हम तुम करो हुतो ॥

सूत्रधारः । अरे पारिपार्श्वक ऐसी कौन नाट्य है जौन इहां नहीं भई ( पारिपार्श्व को बिस्मितः )

सूत्रधारः । येरे कहा मति अकुलानी तेरी तैं नहीं सुनी की मोकों

बानी की बानी भई है की तोको ममप्रसाद आकस्मात अनुपम नाटक मिलैगो ॥ इति प्रस्तावना।

भविष्यमाल:। त्रिकालज्ञादिकवे: पत्रिकेयम् ॥

सूत्रधार: (प्रणम्य गृहीत्वा वाचयति)

भजन बहुबिधिआशिषशिसप्य हमारी।
हेइतकुशलकुशलनुवचाहैं हेबेनिरमलबुद्धितिहारी ॥ १ ॥
दिगसिरअघभूर्भूरि भारभव बदनबिधाता बिनयकराई।
अवउदार अवतारपरमप्रभु लेहैपुहुमिपरममुददाई ॥ २ ॥
ताकेगुनगनभरितचरितमय काव्यसंस्कृतरचीअगारी।
नाव्यकरनपरिहैप्रभुआगे पेखतह्वैहैतेऊसुखारी ॥ ३ ॥
श्रीजैसिंहभुवालबिंधिपति सुतबिश्वनाथसिंहजेहिनाऊं।
सोनाटकआनंदरघुनंदन भाषारचिहैआउपढ़ाऊं ॥ ४ ॥

(अरे भाव) वाहवा, वाहवा ऐसे समय भली चीठी दई ॥

इतिनि:क्रांत: (तत: प्रविशंतिशिष्या:)

शिष्य:। पूजन की तयारी करो देखो नहीं है गुरु चले आवैं हैं ॥

कबित्त। केतेशिष्यसाथमें कमंडललियेहैंहाथ दीन्हेंउर्द्धपुंड्रहैं सबिंदु बरमाथमें। सोहत जटाबिशाल कंठकंठी उरमाल पहिरेकोपीन आल धोई गंगपाथमें ॥ तुलसीके भूषनकियेहैं कलअंगअंग लालरंग नैनछके प्रेमहरिकेगाथमें। गजगतिआवैं मतिहरिके चरित्रनमें श्रीनवेदपाठमन बिश्वनाथनाथमें ॥ १ ॥ प्रविश्यसमित्पाणि।

सूत्रधार। भो गुरो दंडवत् प्रणाम ॥

गुरु। वत्स चिरंजीव ॥

(सूत्रधार:) गद्य। प्रभुपत्रिकापाई शीसचढ़ाई आपु कृपा महाई। निजभाग्यअधिकाई मेरीमतिपरममुदछाई सुकृतफलधरीअबआई ऐसेजानि प्रभुपददरशकीनो अब होनहार आनंद रघुनंदननाम नाटक प्रकार पढ़िबेको मेरीमति त्वराकरैहै ॥

मुनि:। वत्स भली कही पढ़िही लेहु ॥

शिष्य:। आपु प्रसाद अनूपम नाटक मोको आयो ॥

नेपथ्ये मंगल कोलाहल।

छंद । भूपदिगजानपायो पूतभगवानहोजी वाहवाहै ।
मोदवेप्रमानछायो सकलजहानहोजी वाहवाहै ॥
धायधायरंगवोरि देहुनारिअंगहोजी वाहवाहै ।
विसुनाथदंगसब खेलोएकसंगहोजी वाहवाहै ॥

आदिकविः सहर्षसंभ्रम । अहोमहोसोहिलोसोरत्रिभुवन पूरनकरै हैकाहाईभईग्रावतारभयो । अबअकथमुदमंडितामुनिमंडली अपराजितानामनगरोजायगोहमहूं चलें ॥

इतिनिःक्रांताःसर्वे । विष्कम्भकः । सचिवप्रवेशः ।

सचिवः गद्य । मारगनसुगंधसलिलसिंचावो गिलिमबिछाओ सिंहासन गट्टीधरावो सकलछिति एकछत्र सर्वछितिपति नछत्र नछत्रपति से दिगजान महाराज आवे हैं ॥

पुनःअवलोक्य । अरे सोर सुनो जाय है महाराज दिगजान व.र हों चार करि द्वार लों आइ मुनि मंडली को सतकार करै हैं ॥

ससंभ्रम समुत्थाय । महाराज सलामत महाराज सलामत (इतिसोत्साहंमित्रंप्रति)

छंदझूलना ॥ छत्रचौरनवलितभूषितभूषनललित कलितआनंदआनन सुहायो चोपदारनसोरबारब्रतिवहुंसोरगानजागरनरसभरितभायो ॥ सूतमागधवंदिकर हंबंदनवृन्दइन्द्रइवआयआसनविराज्यो । पूतउत्साहअपराजितानांहलखुदितत्रकसीसविसुनाथभ्राज्यो ॥ १ ॥

अंजलिंबध्वा । महाराज चार हौं की चार अनूपम सुनि बड़ो सुख भयो गुरु धराये चारिउ चिरंजीव लालन के ललित नामतें सुनिवे को मति अति उत्कंठा करै है ॥

नृपःसस्मितलज्जं लिखति ॥

मंत्रीसानंदंवाचयति । हितकारी, १ डहडहजगकारी, २ डीलधराधर, ३ डिंभोदर ४ ॥

श्रुत्वासभासदः । वाहवा, वाहवा, भले नाम हैं ॥

मंत्री । महाराज देखिये भाट, नट, विदूषक, नरतक, आवेहैं ॥

कवित्त । कईरंगपागलालचंदनललाटलाग अंकुशबंधोहैजामेंगालोलिये हाथमें। कम्बरकटारीकंठकठुलाकुकाठधारी याहीभांति औरो

भाट केते लियेसाथमें ॥ आशिषसमूहपढ़ैछंदनकेव्यूहबाँधि पावतअनंदलोग रसनकेगाथमें । करतप्रणामबारबारबिस्वनाथ आवैसभातकिधारै दोनोंहाथनिजमाथमें ॥ १ ॥

पद । मैअसमर्नाहिंबिचाख्योयश्वतोभट्टहै । कांधेढोलहाथलकुरायहनटहै ॥ यहैबिदूषकनटीवोरतकिहंसतहै । बिस्वनाथयहनरतकभावसोलसत है ॥ ( भट्टःकिंचित्समीपमागत्य )

कबित्त । आपुकोसुयशदसदिसनिअनूपछायो सेतदिगपालभयेचीन्हेंहैंने कोऊनजात । डंकनिकेशबदसुनिकैसुनिबंकशत्रु दरकेदिलननैकबदन कढ़ैनबात ॥ परम प्रताप पुंजझारहीसों जारेसारे खलखर बृन्द नाहिं येकऊकहूं देखात । होतोंजोनबिस्वनाथभूपदिगजानदान जलकोसरित सिंधुबाड़वागिसोंसुखात ॥ १ ॥

सोरठा । जोवैचारोलाल जौलोंकीरतिईशकी ॥

निरखतचरितरसाल लहहुसदाहिंमुदमहिपमनि ॥ १ ॥

स्वबाहू डंकार्थ्येदैवंप्रणम्यनटः । अरी सुनो तो दोनों नटी मोमें नट आयो दिगजान ऐसो भूप पायो पुन्नोत्साह समयो बनि आयो कुलि कल कलानि लखायो चाहिये ॥

आकाशे दृष्ट्वा । अरे नटी पुरहूत दैत्यन को युद्ध द्यूत होत है सूत फेंकि तामे चढ़ि रण रंग मढ़ि आपने देव संग ह्वै होंहूं जंग करन जात हों । भो सभासदो सलाम है, सलाम है, मेरी नटी को बिलोके रहियो ॥

सभासदः । देखो सूत गहि चढ़िही गयो आकाश कों । आश्चर्य है आश्चर्य है ॥

आकाशे कर्णंदत्वा बिस्मिता नटी । अरे गीरवान गदित बानी सुनि परे है नट भट जूझ्यो ॥

अधोविलोक्य । ये दूनों बाहैं गिरीं, पांय गिरे यह सिरगिरनो, यह धर गिरनो, मेरे पतिही के हैं ॥

( द्वितीया नटी रोदिति )

नटी । अरी रोवै कहा है होतो बहुत रोज याके संग रही अब सती

होउंगी तोको महाराज पालिघोई करेंगे सभासदो सर तैयार कराय देउ हों पति संग जरों ॥

**सभासद:** । याती आछें जरी ( द्वितीया नटी आंकाशे द्दष्ट्वा ) अच्चरियं अच्चरियं अइपिये अक्काम्यगइ ॥

**अर्थ** । अच्चरियं आच्चरियं, आश्चर्य्य है आश्चर्य है । अइकोमला लापे पिओ अत्ता गम्यइ कहे पीउ ह्यां आवै है ॥

**नट:** । महाराज सलामत भो सभासद: मेरी नटी कहां है ॥

**सभासद:** । अरे नट आपनी दूजी नटी ते पूछि ले तेरे अंग लै जरिगई ॥

**नट:** । अरी नटी तैहूं मिलि गई मेरी नटी तो महाराज के भौन में है हुकुम होइ तो टेरि लेउं ॥

**सभासद:** । अरे नट याती बड़ो आश्चर्य कहे है महाराज को हुकुम है टेरि ले ॥

**नट:** । येनटी येनटी आवै आवै ॥

**नेपथ्ये** । हांजी हांजी पहुंची पहुंची ॥

**पुन:सनटिर्नट:** । महाराज सलामत ॥

**सभासद:** । आश्चर्य कौतुक कियो ॥

**द्वितीयानटी** । साहु साहु तुमये आदि अपुव्वं को दुअं कअं ॥

**अर्थ** । साहु साहु कहे स्यावास स्यावास, तुमये कहै तुम, आदि अपुव्वं कहैं दुअं कहे अति अपूर्व कौतुक कअं कहे कीनो ॥

**बिदूषक:** । अरे नट ऐसे मुहमटकाय नैनानिनचाय झूलनी झमकाय सबके उर आनंद झरलाय हों न समझनो तेरो दूजीनटी प्रथम कौन बोली बोली ॥

**नट:** । एक समय मेरी कलनि बखाननि सुनि कानन सहसाननसिर तनक डोलायो महि विवर बनायो तेही मग मै तहं जाय कलनि लखाय रिझाय लीन्हो । शेषकह्यो माँगु माँगु मेरोमन येही तकि राग्यो येहीको मांग्यो यह धन्या नाग कन्या है नाग भाषा भनै है ॥

**बिदूषक:** । अरे नट तैं नर यह नागिनि कैसे संग भयो ॥

**नट:** । अरे बिदूषक तैं नहीं जानै है की नारी गंगा है ॥

(प्रहस्यसभासदः) अरेबिदूषक तो दौरि याहि गहि हरगंगा हर गंगा कहन लग्यो ॥

नटः। अरे अरे या कहा करै है ॥

बिदूषकः। अरे बावरे हौंहूं अस्नान करोहौं ॥

नर्तकः (सस्मितंपुष्पांजलिंदत्वा) महाराज ये गतीं संगीत की हैं गुलाल मे मोर मातंग उपटे नजर करिये ॥

(इतिगायति)

पद। नृपदिगजानचारसुतजाये गहगहबजतिबधाई। टेक।
जहंलौं देत भूप धन तहंलौं मंगन मनहु न जाई ॥ १ ॥
याचन चहत इन्द्र ब्रह्मादिहु सकुच न सकत न आई।
विश्वनाथ यह उत्सव तिहुंपुर रह्यो अनूपम छाई ॥ १ ॥

प्रबंध। दिगजान प्रकटित मघटित घटनोत्घाटक यशोबितान मनुपमं ॥ (तालझपतारा) संछा दित त्रिभुवनं ॥

तालत्रिपुटा। तिऐऐ या तिऐऐ या तिऐऐ या धधप धधप पगग रे गगप ध सा रेरे स रेरे स सधध प धध सा ॥

ताल रंगजति। तकथुं थुंतक थुंतकति गदि गदि गदि गथैति गति गदिग दिग ॥

सभासदः। वाह वाह आछो नाच कियो ॥

भूपः। बांछित ते अधिक इनाम इन को देवाय देव अब मेरी मति सुत निरखन की उत्कंठा करै है ॥

मंत्री। बहुत भलो। इति निःक्रांताः सर्वे।

(सपरि-कार देवी प्रवेशः)

देवी सखीं प्रति। आजु महाराज के दरबार में नर्तकन नृति प्रकार सुनो है अनूप भयो ॥

सखी विलोक्य सहर्षम्। महारानी महाराज आये रानी ससंभ्रमं उत्थाय पूजयति ॥

नृपः। ये कुशला तुम यथार्थ नामा हो सौतिन को बुलाय सत कार जातें सब सुतन में सम सनेहकरैं ॥

(कुशला सखी मुख मवलोक्यते) सखी निःक्रांताः।

तत: ससुत सखी सुहिता काश्मीरी प्रवेश: ।

कुशला । सखी पूजन की साजु ल्यावै ॥

नृप: । ये लालन पालन हित ब्राह्मण वैष्णव की सेवा करो जामें सब को कल्यान होय ॥

देव्य: । ( शिरसोपदेशं गृहीत्वा ) महाराज हमारे सब के यह ललक है कब इन की बधुन कों हम नैनन सों देखिहैं ॥

भूप: । कछू राजकाज के हित मंत्री हमें परिखे हैं ॥

( इतिनि:क्रांत: ) ( देव्य: परस्परम् )

पद । तबहीं बिचरि गोद जब आवैं सुत कौतुक तकि दृगन अघाहीं । अबतो भये किशोरचारिहू सखिहमसबकहंमुदमितिनाहीं ॥ खेलनजातशिकारभ्रातसब लहहुंिय हैसबलोगललाई । विश्वनाथनृपभाग्यचारिफल लियहमहूंसबभागबंटाई ॥

( षंडप्रवेश )

महारानी चारिउ कुंवरन को सबार भूप बुलायो है इतिकुमारै: सह नि:क्रांत: ॥

रानी । चलो झरोखे लागि सुतन निरखिये ॥ इति नि:क्रांत: ।

( तत: प्रविशति समात्यो भूप: )

भूप: । मंत्री षंड को बड़ी बार लगी ॥

( प्रविश्यकुमारा:प्रणमंति )

भूप: । सुतान् दृष्ट्वा सोत्साहं मंत्रिणं प्रति । पुत्र बिवाह योग भये ॥

मंत्री । महाराज हों अरजई करनहार हुतो ॥

द्वारपालप्रवेश: । महाराज गुरु आवै हैं ॥

( राजा ससंभ्रम मुत्थाय चलति )

मंत्रीबिलोक्य सहर्षम् । अहोभाग्य जिनके गृह ऐसे गुरु आवैहैं ॥

कवित्त । शास्त्रऔपुरानलीन्हेकेतेशिष्यसोंहैसाथ तुलसी कीमालभाल तिलक सुधारे हैं । पहिरेकोपीनकरदंडऔकमंडल हैसीसजटा पीठि चर्मचारुभगबारेहैं ॥ लोयनलखेतें सांतताइहीबिलोकी जाति रूपहीतेजानेपरै भूत सुखकारे हैं । करत प्रणाम पानि पंकजअसीसदेत बोलैंप्यारेबोलन पियूषश्रोन ढारेहैं ॥ १ ॥

**भूपः** ( दंडवत्प्रणम्य सभांप्रवेश्य यथोचित पूजनं कृत्वा )

**भूपः**। सेवक के सदन स्वामी आगवन मंगल मूल है॥

**गुरुःसस्मितः** ( प्रविश्याबामदेवः ) जगद्योनिज श्रवणे॥

भुवना हित मुनि आवें हैं अरु येहू काहू काहू के मुख सुन्यो है की मष रक्षन हेत नृप कुमार मांगि हैं॥

**गुरुविस्मितः**। भो भूप तुम्हारे पुरषन को यश बखान जहान में छायो है तुमहू दान मान में भगवानहीं के सम हौ तऊ गुरु धर्म विचारि हों यही सीख देत हों जातें सुयश न मलीन होय सो सावधान करियो॥

**भूपः**। मैं तो कछू करन लायक नहीं हों प्रभु की कृपा जो मोपै है सोई सब करन को समर्थ है॥

( प्रविश्यद्वारपालः )

**छंद**। कायाविद्युतछटाभासिरसंघनजटाघंघटासीविराजैं।
भ्राजैंबाहुप्रलंबैं अगुलि कुसनकीपैंकापानिछाजैं॥
पीतंयज्ञोपवीतंकलितकृसकटी बल्कलंमुंजगाथं।
बतोतेजस्समर्क्कंबिमलतपसकोध्यानमेंबिश्वनाथं॥ १॥
ऐसे भुवन हित महामुनि आवैहैं॥

**भूपः**। ससंभ्रमं। अरे मुनितोआय गये अर्घ अर्घ पाद्य पाद्य भो मुनें दंडवत बड़ो अपराध भयो आगू ते न लेन पायो अपराध क्षमा करिये॥

**मुनि सस्मितः**। नृप आपने ऐन आवत कोई आग लेन को कहा परखै है॥

**भूपः**। यह सिंहासन है॥

**मुनिः**। अहो जगजोनिज आपहू ह्यां बैठे हैं अलभ्ये लाभ भये बड़े दरशन भये नमस्कार नमस्कार॥

**जगद्योनिजः**। नमस्कार आवो मिलि लेऊं॥

**नृपः**। आपको आगवन मेरे बड़े सुकृत को फल है आप के मष यत्न में भारी भय है। अथवा सर्व भूमि दक्षिता जामे ऐसी कौनौयत्न मनमे दैआये मोंको आपनो किंकर मानि आज्ञा दीजै॥

मुनिः । कवित्त । आपकोप्रतापपुंजपावकपुरारिमानि तोजेचषपलक लगायहोंरहतहैं। पालतपुहुमिपेपिछीरसिंधुसेषसेजसुचितसुखीह्वै हरि सोवतमहतहैं॥ पायदानभूमिदेवदेवलोकचाहैंनाहिंबाहुबलदेवना-हनोकेनिबहतहैं। बिस्वनाथआपकेप्रजानिपुन्यलोकनकोरचतबिरं-चरंचकलनालहतहैं॥ १ ॥

लज्जितोभूपः । आप तो नबीन जगतही रचन लागे हैं जो कंकरी हूको सुमेर कहन लगे तो कहा आश्चर्य है । अब जा हेत आप आये सो सुनिबे की लालसा में बार्ता बिक्षेप करै है ॥

मुनिः । जाके बशिष्ठ ऐसो गुरु है सो ब्राह्मणन कोबांछा पुरवै तो कहा आश्चर्य है ॥

मुनिघातिका । घातिका नामा राक्षसी ससुत बाधाकरै है सो यज्ञ रक्षन के हेत हितकारी डील धराधर दोऊ कुमार दीजै ॥

भूपः । श्रुत्वाबैबर्ण्यं नाटयति ॥

गुरुःभूपंबिलोक्य । ये ज्ञानबान तेज निधान सर्ब अस्त्र शस्त्र नाथ मुनिन में प्रधान हैं । आपने प्रभावतें सर्ब काज करिबे कोसमर्थ यी हैं । तुह्मारे पुत्रनकी कोई बड़ी भाग्य उदयभई जातें माँगिन को आये हैं । तुमऐसो दाता इनऐसो पात्र को संयोग्य दुर्लभहै ॥

नृपः । बत्स हितकारी डीलधराधर आवो हृदय लगाय लेउं ॥

( शिरस्य आघ्राय सगद्गदं )

मुनिये कुमार आपने प्राणअधार आप को सौंपौं हौं ॥

मुनिः । नृप अभिष्ट सिद्धि रस्तु ( इति सकुमारोनिःक्रांतः )

( नेपथ्ये रोदन कोलाहलः )

पद । योगी लिये जात मेरे बारे । टेक ॥

कैसे भूपतिदियेपानिगहि जेप्रानहुंते परमपियारे ॥ १ ॥ मखमल गिलिमचलतत्रसियतुते पदबनपुहुमीकिमिकारि धरिहैं नृप बिसुनाथ दुलारेदोऊ किमिकोही मुनिसेवाकरिहैं ॥

जगद्योनिजः । तुम्हारे पुत्र मुनिते रक्षित सुखपूर्बक जात पंथ निवा-सिन के नैन सफल करि हैं । अंतह पुर में रोदन सोर होय है । हमहूं तुमहूं चलि तिन को मातन को समुझाइये ॥

( इति निष्क्रान्ताः सर्वे )

**पथिकप्रवेश:** ( नेपथ्ये कोलाहल: )

अइसहिअइभइणिअइमाए एक्कोपहिओसमाअदोतम्मुहा । दोसुनि अंजारिसावम्हंडभंडो परेण सुनिदातारिसाजुउलकुमाराआगम्मंति ॥

( ततः कुमारदर्शनार्थिनोन प्रवेश: )

कुमारदर्शनार्थिनः । अइ सहिजुउलकुमाराकियं तदूरम्मिहुं वंति अरे दिट्ठा दिट्ठा ।

ततः कुमारमुनिप्रवेश: ( ततः ग्रामराय: )

पद । कस्सदोणिपुत्तावंचिऊणमुणिणाणिदा । ( याकहे के के दुइ पूत ठगिके मुनि लैआए हैं ) पदसोअमल्लोहिततणंणजासपाइधरे कंटअंकअंपदेहिंतेचलाविदा। धिअधणुव्वाणादोणिभाआरासमाणव आसुछइअमणसामगोरअणोहिदारुवंचिअपेकिवऊणपच्चअंकुणेइ मणेइबिकासइ इमेविस्सणाहराइणोपिआसुदा ॥ इतिनिःक्रांता:

प्राकृतको तिलक । अइसहिअइभइणिअइमायेकहे । येसखियेभगिनियेमाता। एक्कोपिहिवोसमाअदोतम्मुहादोसुणि अंजारिसावंभंड भंडोअरेणसुणिदा । तारिसाजुउलकुमाराआगम्मंति। यह कहे एक पथिक आयो ताके मुखते सुन्यो है जैसे ब्रह्मांड भांडोदर में नहीं सुने तैसे युगुल कुमार आवै हैं। अइसहिजुउलकुमारकिंअंतदुरम्मिहुं बन्ति ॥

याकहे । ये सखी युगुल कुमार कितेक दूरहैं । अरे दिट्ठा दिट्ठा याकहे के के दुइ पूत ठगिके मुनि लैआये हैं । पदसोअमल्लोहिततणं णजासपाइधरेकंटअंकअंपदेहिंतेचलाविदा ॥

अर्थ । जिनके पद की सुकुमारता और ललाई नापाइ कमल कंटकनकों धरे है तिन्हें प्यादहीं चलायो है॥ धिअधणुव्व णा दोणिभाआरासमानव आसुछइअमानसामगोरअणसेहिदा ॥ अर्थ । दोऊ भाई समान वय धनुषबान को धारण किये सुन्दर छबि ते अमित जो शरीर ते ते शोभित हैं । रुविचिअपेक्खिवऊणपच्चअंकुणेइमणोकासइइमेविस्सणाहराइणोपिआसुदा ॥ अर्थ । रूपही को देखिके मनप्रतीति करै है । ये कोई बिस्व को नाथ जो राजा है

ताके प्रिय सुत हैं ॥ ( इतस्ततः परिक्रम्य )

हितकारी । गुरु केतो आये ॥

मुनि:गद्य । वत्स षट कोस आये मोकों बड़ो अपसोस तुम खेदपाये होउगे अति श्रमित अंग गरम उमंग पतंग तुरंग तरंगिनी पति तरंग अव अस्नान करन चहत हैं । यहि बरतर बास बरतर है ॥

हितकारी । यह जल भल है संध्या करिये ॥

मुनि: । भलीकही ॥

डोलधराधर । शय्या तयार है ॥

मुनि: । ये हितकारी ये तो परन शय्या भली बनावैं हैं ॥

हितकारी । ये डोलधराधर मुनि मुख सुनत सुधा सी कथा श्रवण संतोषित नहीं होय ॥

मुनि: । अर्ध रैनि गई सोवो ॥

कुमारौ । दंडप्रणाम ॥

( मुनि: उत्थायप्रातस्सरणंकृत्वा )

पद । उठोकुंवरदोउप्राणपियारे । टेक ।

हिमिऋतुप्रातप्रायमवमिटिगे नभसरपक्षरेपुहकरतारे ॥

जावनमहंनिकस्योहरषितहिय विचरनहेतदिवसमसनियारो ।

बिस्वनाथयहबोलुकानिरखहुरबिमनिदसहुदिसिनिरंजियारो ॥ १ ॥

ससंभ्रमसमुत्थायकुमारौ । भोगुरो दंड प्रणाम दंड प्रणाम बड़ो आलस्य भयो भोर न जागे ॥

मुनि: । चलो अस्नान करो हैं मंत्र देउं जातें शोक शोक मोह भूंख पिआस श्रम आलस्य न होइ । ( स्नात्वा )

सहर्षम् कुमारौ । महाराज मंत्र दीजे ॥

मुनि: । बला अति बला ये दोउ बिद्या लेउ ॥

कुमारौ । ये मंत्र पाय हमकों बड़ो आनंद भयो ॥

मुनि: । पंथचलन की बेर होइ है चलो ॥

( ततः इतस्ततः संचरंति )

हितकारीगद्य । गुरौ बिसाल ताल तमाल साल प्रियाल हिंताल आल जाल कलित कराल जहल पहल व्याल बेताल कुल चहल

पहल कोलाहल तिन ख्याल न हहल हहल हालतलतन बितानन यह कानन अति भयावन है ॥

मुनिः। धर्मनिदरनि अधर्म बिस्तरनि रुधिर मांस उदर भरनि अति क्रूर अघनी मुनि गण यघनी घातिनी नाम यक्षनी छाई रही है ॥

डीलधराधरः। भो भाई चाप चढ़ावो ॥

हितकारी। अबला बध बिधि वेद में नहीं लिखी यह हमारे कुल को नयो कलंक होयगो ॥

मुनिः। वत्स हितकारी ऐसिही पाप कारिनी प्रबला अवला भृगु स्त्री को मुरारि अरु मंथरा को नगारिहू मारि यश लियो है पुनि मम शासन किये तुम को कौन अघ है। कार मुक टंकोर करो से शोर सुनि सो धाय आवैगी ॥

नेपथ्ये कलकलः। भागो भागो भागो आई आई आई। सर्वेसंभ्रिता

मुनिः। अरे यह तो आईही गई ॥

छंद। शारदूलविक्रीड़ित। छूटीकेशलटानिमेघघटनै लीलैसमुदघाटती। छोटेनैनअंगारज्वाललतिकादिग्गैंदसोपाटती ॥ केतेमानुपदंतअंतरगड़े बैठैलोहूचाटती। धोतीवारनखालमालवीभ्फरीजेहिंभनोडाटती १ ॥ वत्स वत्स सजुग होउ सजुग होउ ॥

घातिनी। अरेणिव्वुधेमुणेइमेजुउलकुमारा अम्हाणंपहेअंअप्याणस्सहा अत्थमारगिदा ॥ अर्थ। अरे निर्बुद्धि मुने ये युगुल कुमार हमरे कलेवा अपने सहाय के अर्थ तें लै आये है ॥

साट्टहासं। अहो मुणिदं मुणिदं तुजभ चातुलिअं। जस्से तुम एसव्वोणि मंतिदा अम्ह सक्कारत्थ मिमे ॥ अर्थ। अहो ज्ञानी ज्ञानी तुम्हारी चतुराई यज्ञ में तुमने सब को नेवतो हमारे सतकार के अर्थ येहैं ॥ इतिधावति।

डीलधराधर। अहोगुरो हों न समुभ्रूयों आपकेहुंकारते गिरी या अग्रज के बाण तें ॥

गुरुः प्रहस्य। वत्स हितकारी यह बानी दिगज्ञान ते सीख्यो या जग योनिज ते ॥

**हितकारी** । यह राक्षसी आपके प्रतापहीतें जरि रही हुती होतो निमित मात्रही हों ॥

**भुवन हितः** । अस्नान करि आवो अब अस्त्र सब सिखाऊं ॥

**स्नात्वा कुमारौ** । हेगुरो अस्त्र ससंहार पावैं ॥

**गुरुः** । लेव ॥

**हितकारी** । गुरो बड़ो आश्चर्य है सकल अस्त्र शरीर धारी देखेपरे हैं ॥

**गुरुः** । ( इन सों कहे हमारे मन में बसो ) चलौ हमारौ आश्रम नियरेहीं है ॥

( इतिइतस्ततः संचरंति )

**नेपथ्य कोलाहलः** । सहाय मांगन हेत मुनि को अपराजि गवन सुनि घातिनेय काबुल सों चारु भुजको सहाय लै आयो ॥

**मुनि आश्रम न पहुंचे** । हाय हाय अब कहा होयगो ॥

**आकाशेकोलाहलः** । बरायेरफतनेजन्नतचराहस्तई हमामेहनत जरा-हतेगमनई नकरसानम्बेदिरंगीहा । बिगुफततईनोवअखवानाबिजद नाराकिएयारांवजूदीरक्कार्विसिकस्तानमूदासखतचंगीहा॥ कुमेदअज्जा मुमानेवदजितेगेवर्कअफसांखुदबखूनेखुसगंवारई नापरेधौहौजेमुजैय बरा। जिखुरदेपुरहलावतखयशबेमईजाम्तबसदिलकसवएसोकामरामी हावरुसाजेमतंगीहा ॥ अर्थ । स्वर्ग के जान लियें काहे को तुम बृथा श्रम करोहो आपनो खड्ग धार मार्ग ह्वै होहीं आसुहीं पहुंचाई देत हौं यों दुजन प्रति कहि आपने सहायकन सों बोल्यो सुनो बेगिहो स्तम्भ उपारि डारो अरु इन सबन को अपनी कराल कर बालबधि अति स्वाद संयुत जो इनको रुधिर तातें कुंडनि पूरन करि पान करत मृदुल पल इन विप्रन को जो बहु दिवसनि मैं आजु पायो सो आनंदित भक्षन करो ॥

**इतिआकर्ण्य भुवनहितः** । अरे हम आश्रम को न जान पाये राक्षस बीचहीं आये बड़ो अनर्थ भयो ॥

**( इतिशोकमूर्छितः )**

**कुमारौसक्षोभमुपद्रुत्य** । पहुंचे हैं पहुंचे हैं न डरो न डरो अरे क्षुद्रो इत को आवो हम राक्षस कुल अंत धनुवंत आइ पहुंचे ॥

( इति निःक्रांतौ नैपथ्ये सानंदगानं )

**भजन** । भुजपुरकी भाषामः॥ करमनछौंड़ादोइगोटयेलखिनि । चारुभुजेय कतिरैमरलेखिनि ॥ घातिनिछोड़ैतुरितउड़ौलखिनि । भुवन हितकरजागसहितहम सबलोगबनकरजियरावंचवलखिनि । नरमअंगविस्वनाथबराबर दोउगोटछौंड़ाबरबलपलखिनि ॥ अर्थ। भागनितें दोइठो लरिका आये हैं। चारुभुज को येक तीर ही मारि घातिनी के सुत कों तुरतहीं उड़ाये हैं॥ भुवनहित को जाग सहित हम सबलोगन के जीव बंचाये हैं। जिनके अंग नरम हैं औ बिस्वनाथ कहे महादेको बरोबर बल पाये हैं॥

( इति जैहोय होय ) ( उत्थाय भुवनहितः आत्मगतं )

आश्रम में जय सोर होइ रहो है कौन को है॥

**प्रकाशं** । हाय हितकारी डीलधराधर मोकों मूर्छित छोंडि कहांगये॥

**प्रविश्यशिष्यः** । भो गुरो राक्षसन कों मारि हितकारी हमारो सब की रक्षा करि अब शोच में हैं गुरू कहांरहिगयेहम को खबरि लेन को पठाये॥

**गुरुःसहर्षं** । शीघ्रहीं कुवंर कों ल्याई ल्यावो ह्वांतो राक्षसन के रुधिर तें मही मलीनही ह्वै रही होइगी॥

( शिष्योनिःक्रांतः सबंधुहितकारीप्रवेशः )

**भुवनहितः** । वत्स बड़ोकाम कियो आजो सिर संगों मख सिद्धि ह्वै है सिद्धाश्रम अब यथार्थ नाम भयो चलो आश्रम को॥

इति निःक्रांता॥ ( ततःप्रविशतिसपरिकरोदिगजानः )

**दिगजानः** । मंत्री कुमारन कोंगये बहुत रोज भये सुधि न पाई ।

**प्रविश्यशिष्यः आशिर्ब्रदत्वा** । महाराज मुनि कही है की आपकी कृपातें हितकारी ने राक्षसन को संघार कियो हम निर्बिघ्न यज्ञ करै हैं॥

**स महामोद भयः** । मंत्री तुम इनको लै गुरुपै सुधिजनावो हों अंतहपुर जातहौं॥ इति निःक्रांताः॥

(ततःप्रविशतिसकुमारोमुनिः)

**हितकरी** । भोगुरो अब मख में बाधा नहीं है जो हम को सेवकाई सौंपिए सो करैं ॥

**मुनिः** । मख म हजोतत येक सुता शील केतु पाई है ताके स्वयंबर हित धनुषमख करै हैं धनु काहू नृप को उठायो नहीं उठगे अब फेर स्वयंवररचि हमहूंको नेवत पठायो है हमारे संग तुमहूंचलो॥

**डील धराधर** । गुरो कन्या पाषान की है की दारु की है कीप्राचीन धातु की है ॥

**गुरुविक्ष्य** । हेवत्स जैसी सिंधु सुता तैसी कन्या है चलो ॥

इति निःक्रांताः ॥ (सबैं सामागत्यशीलकेतुप्रवेशः)

**शीलकेतुः** । मंत्री ऐसी ततबीर करो जो या यज्ञ में आवैं अरु जौलौं रहैं तौलौं अनुदिन छन छन अपूर्ब अनूपई सुखन को अनुभव करैं ॥

(चारप्रवेशः चारः दृष्ट्वा स्वगतं)

**कवित्त**। द्वादशतिलकदीन्हेंतुलसीकीमाललीन्हें धारेहैंकिरीटजामेंमार तंडवारजात । चौंरचलैं दूनौंवार छत्रकोअजोर जोहिभोरकैमो भयोशीतभानुअतिहींलजात ॥ ज्ञानतोअमानजाको परशंसाकरैं कौनदानसममानएकरसनाकहोनजात ॥ भूपनाथबिश्वनाथराजै आजुमेरोनाथलोकदसचारि मध्यजाको शत्रुहै अजात ॥ १ ॥

**मंत्री** । अरे आश्चर्यित ऐसो कहाहै ॥

**चारः** । महाराज सलामत महाराज सलामत ॥

**पदमैथिलभाषासा** । मुनिकेसंगदुइनैनारेलिछि । सुंदररूपजादूगर छथिसेपथराकीपुतरीकमाउगिवनौलिछि ॥ हेंपड़ाय कहुंएतैऐलहुं सेबिरतांतअहांकेसुनवलिछि ॥ अबभूपतिबिशुनाथहोइजैजेकछुकरैक कहमनभवलिछि । अर्थ । मुनिकेसंग दुइलरिका आये हैं तिनकर संदर रूप है जादूगर हैं । पथरा की पुतरी का स्त्री बनाइनि है मैं पराइ कै इहां आयेउं सो बिरतांत अपना का सुनायउं है बिश्व-नाथ भूप तुम्हार जयहोय जोकछु करैं का होय सो मन भावाकरी॥

(श्रुत्वानृपा श्रवणे सामोद सतमोदः)

**सतमोदः** । हम पितु श्राप दै मम मातु को पत्थर की करो यह

शापोद्धार बतायो हुतो को परम पुरुषावतार पाय परसि फेरिनारी होयगी हों अनुमान करत हों भू भुवनहित मुनिसाथ तेई आये॥

सहर्षं नृपः। मुने अवश्य जोहन योग हैं चलिये भुवनहित को आगू ते लै आवैं॥ इतिनिःक्रांतो॥

नेपथ्ये कोलाहलः। अच्चरियं अच्चरियं।

अर्थ। आश्चर्य है आश्चर्य है॥

भजन। लैअगुवानपुरोपतिआवत। टेक॥

मुनिकेसंगकुंवरलखुअनुपमअपनीसुछविछटमिछितछावत। अस नहिंदीखसुन्योनहिंकतहूं कहतनवनतमनहिंजसभावत। बिश्व नाथतनपनसबनावत नैननिचैननीरबरसावत॥१॥

मंत्रीआकाश्ये। कहा भूप मुनि कों लेवाइ निकट आये॥

( सकुमारभुवनहितमुनिसहितभूपप्रवेशः )

भूपः सविधिपूजयित्वा। प्रभु को आगमन भूरि भाग्य को फल है आप के संग जे कुमार हैं तिन कों निरखत नैन नहीं अघाय हैं ये कौन के हैं॥

मुनिः। ये दिगजान भूप के कुमार हैं पुरारि प्रसाद पायो जो तुम्हारो पिनाक है ताको तौलो चहत हैं॥ ( नेपथ्ये )

पद। महिजाहितकारीकोजोरी। टेक।

बिरचोविधिरतिमारबिपुलरचि सोचिसोचिकैकल्पकरोरी॥ हर गिरिजापदप्रणवैंहमसब सकलसुकृतकरफलयहचाहैं। नृपमति फिरहिकिविश्वनाथ धनुमृदुलहोइयेइतोरिविवाहैं॥

प्रविश्यसभयंचारः। महाराज सरासुर दिगसिर दोउ आवे हैं॥

भूपः। ( सविस्मयंचात्मगतं )

भूपः। अहो ईश अवधौं कहा होय॥

( ततःसरासुरदिगसिरसःप्रवेशः ) ( प्रविस्मितवंदीस्वगतं )

कवित्त। याकेदसंसीसबीसबांहुडोलशैलमानो याकेएकसीसबाहुदीरघ हजारहैं। दूनौलालचंदनकेदोन्हेहैं त्रिपुण्डभालपहिरेरुद्राक्ष मालछायेतनछारहैं॥ दूनौअतिबलीभायेदूनौजगजीतिपाये

दूनोभयदेतदेखेतनविकारारहैं । दूनोधनुतोरैंताकोकौनहैउपाय
हाय सोकतेउधारकोअधारकरतारहै ॥

सर्वेश्चंचित: । हाय हाय अब कहाहोन चहत है ॥

डोलधराधर: । गुरो या कौन कौतुक है ॥

मुनि: । बत्स या कौतुक नहीं है यह सहस्रभुजधारी दैत्य है या
बीस भुजधारी राक्षस है ॥

हितकारी । गुरो इनको रूप देखत सकल सभा अद्भुत भयानक रस
सागर में डूबी देखी परै है ॥

दिक्शिरा:छंद । बताय देहु वेगहीं सुताअनूपहैजहीं । लैजाहुंमैं
असीसकै पिनाकटूकबीसकै ॥ १ ॥

सरासुर: । गुरुकोधनुहैनविचारतहौ दसगालनिगालनिमारतहौ । नसु-
नोतुमबैननिमारकहै गुनियेमनहीगुरुगर्बगहे ॥

( दिक्शिरा:तिर्वगवलोक्य )

कवित्त । मेरे भुजदण्डनतेदेखिखंडखंडदंड भाजि ब्रह्माण्डहींते काल
कीन्हागौनहै । परम प्रचंडनप्रखंडमेंअखंडकौलौ पेखिकैप्रताप
मारतंडडोलेसौनहै ॥ देतदेतदंडधननाथोभयेदंडहीनसुनतको
दंडखंडइन्द्रमानोज्यौनहै । वाहुकोंदुहूनदंडसोसुमेरतोलोंजाय
खोनमुंडमालीकोकोदंडगर्वकौनहै ॥ १ ॥

सरासुर: । अरे आश्चर्य आश्चर्य है ॥

कवित्त । कोईभगवानवरदानदातातीनौलोक तीनपायपृथ्वीलेनबेषबड़
लीनोहै । आयोतातपासचीन्होतापैननिरासकीन्होदीन्होदान
लीन्होऊनोमानिरोसभीनोहै ॥ भरूयोंपिलुलीकेमोहिंदानीदान
द्रव्यतुल्यहोहींपानिदोईपालरेऔतोलिदीनोहै । पर्वसर्वरोघ
जातेंखर्वजसस्वर्भाषे रैंतेरोयेसोगर्वहोहूं नाहिंकीनोहै ॥ १ ॥

दिक्शिरा:सवैया । येकहीसीसकैकौनधरोसिगरोजगयोंसरसोसममोहै ।
तौनेहींशेषकोवेसशरीरमें सूक्षमकीन्हे अभूषनजोहै ॥ सोशिववासकिये
जेहिधैन सोकोलभयोकरयेकहिकोहै । होंनाहिंगर्वकरोंकरैकौनप्रशं-
सतजाहिहरारहतोहै ॥ १ ॥

सक्रोधंसरासुरः । पीनपिनाकपुरारिकोयौंगिरच्यो विधिलैकरवज्रको सारहै । याकोनजानततेंगहता नहिंसीखगनैगुन्यौपूरोगंवारहै ॥ आपनोगर्वगवाँवनकोधनुतोरनकोसठकीन्हे बिचारहै।जोबढ़िकैबलतैंबल कैअवलोकतहैसोतोनाउकोबारहै ॥ २ ॥

सक्रोधंदिक्शिरः । छंदपद्धरी । बकनहेंपिहितोबकाहिआन ।

सरासुरः । मुखनाहिंहमारेबेप्रमाण ॥

दिक्शिराः । भुजभारनढेयेहोभुलान ।

शरासुर । दसशतभुजबलतौंतुहीजान ॥

दिक्शिरा । सवैया । तौलिकखाउतुलाधनमें बलतोरिहौंहोहींजबै फिरिहै ॥

सरासुरः । लायकबंदनयाधनुहै तेहिकैसेकुदीठितहूं हेरिहै ॥

दिक्शिरः । काहेदुखावतहैवदनै बकिऐसैकरैंगेकहाकरिहै ॥

सरासुरः । मैंगुरभक्तनहौंतोहिंसो करिहौंकरिवेजोइजोतोरिहै ॥

सक्रोधंदिक्शिरः । तुवगर्वहीकेसाथ, तोरोंधनुषधारिहाथ ॥

सरासुरः । दोप्रथमबरनबिहाय, जोकहहिभूंठनआय ॥

दिक्शिरः । धनुषतोरितेरहूमदतोरिहों ॥

(इतिपरिकरंबध्वाधावति) (सुबुद्धिनामबंदीआत्मगतं)

सवैया । करिजोकरमेंकैलासलियो कसकेअबनाकसिकोरतहै । दइ तालनबीसभुजाभहराय भुकेधनुकोभकभोरतहै ॥ तिलएक हलैनहलैपुहमी रिसिपीसिकैदांतननोरतहै । मनमेंयहठीक भयोहमरे मदकाकोमहेशनमोरतहै ॥

( सहस्रकरैःतालिकाःदत्वाप्रहस्य )

सरासुरः । पिनाक तुमको नमस्कार है । इतिनिःक्रांतः ।

( अमित दिक्शिरा उत्थवस्य )

दिक्शिरः । अरे यामें महा जादू ऐसो जानो जाय है वैसहीं कन्या को लै जाउंगो ॥

आकाशे । स्वामी स्वामी तुम्हारी कुंभीनसी कन्या को मधुनामा दैत्य हर लाये जाय है घनधुनि मखमें है, आप को भाई भयानक जप करन गयो है, घटकर्ण सोवै है ॥

विस्मितःसक्रोधंदिक्षिर । अरेदैत्यनकोहियेकीआंखैंफूटगई ॥

सवैया । अजुसरासुरकोसरसो बिनबाहुंनसीसधरामेंसोवैहौं ॥ बाहुनके
बलसोंबलिबांधिकै बंदिमेंबासवसोतकवैहौं ॥ वाजिनसुंममें
शुंभनिशुंभको खूबखुंदाइसिवाकोरिझैहौं । पूरिपताकहिंश्री
नितसो मधुमोमधुगारिकैपानकैजैहौं ॥

(इतिसत्वर्रंनिःक्रांतः) (नेपथ्येजयजयतिकोलाहलः)

सुबुद्धिबंदी । यह बड़ो विघ्न विधाता ने नेवारि दियो, धनुष की
गरुवाई दिग्गिर के उठावत में सबही लषिलीनी अब जाके उर
उत्साह होवै सो उठावै ॥

मंत्री । येतो सबमुनिशिर लटकाय लिये अब कहा होय गो ॥

भुवनहितः । वत्स हितकारी धनुष संग सबन की शंका भंजौ ॥

हितकारी । गुरु आप की कृपा कटाक्षयों कार्य कारो है ॥

(इति परिकरंबध्वा संचरंति)

सुबुद्धिबंदी । आश्चर्य है आश्चर्य है गहत उठावत तौ देख्यो नहीं
धनु भंगही को घोर सार छाइ रह्यो ॥

आकाशेछंद । सोरउद्धुतमहिखूबलटपटतसब सिंधुसंघटतजलबेलथल
छूटिगो । शेषफनफटततलअ सहारटत बाराहबलघटतजुगडाढ़सो
टूटिगो । दंतचटचटतमहिशैलयुतछटतदिगदंतगनहटतभलकुंभथल
कूटिगो । दैत्यलटिलुटतअभिमानछुटत कोदंडकेटुटतब्रह्मांडसो
फूटिगो ॥

नृपः । भोगुरो यह काज भुवनहित मुनि के प्रभाव तें भयो जो कछु
उचित होइ सो करिये ॥

सतमोदः । आतुरी करो कन्या को लै आवो जयमाल पहिराय
देइ ॥

(सखीभिर्षिः महिजाप्रवेश)

डीलभराधरः । गुरो यह कन्या तो ऋग्रज को माल पहिरावै है
कहा महिजा येही है ॥

गुरु । ऐसही है

डीलधराधर । याहि देखि या शंका मेरे मन में आवै है हरिसागर मथि श्री निकारी मेदनी काहे नहीं मथी ॥

सखी पद । पहिराइहुजयमालनपानिसंकेलति है ॥
रहीटकटकीलाय पलकनहिंमेलति है ॥ हायकहायहिभयेरहीहैमन-हुठगी । बिश्वनाथयहिकुवंरिकुवंरओडीठिलगी ॥

सतमोदः । कुवंरि को अब अंतह पुर को लैजाउ ॥

(सुतांगृहीत्वा सख्यानिःक्रांताः)

भुवनहियः । भूप तुम्हारी जय होइ ॥

(इतिसुकुमारी निःक्रांताः)

नृपः । गुरो आप आसु पत्रिका लिखि अपराजित पति पैं पठाइये मैं मनि मंडफ कीतयारी करावन जातहौं ॥

(इतिनिःक्रांताः) (सपरिकर दिगजान भूपप्रवेशः)

राजानंप्रतिमंत्री । पद । जबतेंकाहिसुधिमिश्यसिधारे । तबतेखबरि सुनीनहिंयवगन तलफतप्राणहमारे ॥ बिकलाईतिनकीजननिनकी कैसें करिकहिजाई । बिश्वनाथछनजातकल्पसम हगजलसरिसरसाई ॥

मंत्री । महाराज हों जाइ गुरू सों प्रश्न करी हुती तिन ध्यान धरि कह्यो दोऊ कुमार खुसी सों हैं अब हितकारी को कछु परम हित भयो है ॥

प्रविश्यद्वारः । महाराज सलामत भूपशीलकेतो पत्रिकेयम् ॥

(भूपःगृहीत्वा अलगतंवाचयति)

सभासदः पद । बांचतकहाभूपतिसुखछायो ।
रोमावलीभलीउठिराजति वपुषवनसफलपटतरपायो ॥ मुखनिरत अंम्भोजप्रातको अंबकअंबकदंबबहायो । बिश्वनाथजनुअनदहियेको उमड़िनैनमगबाहेरआयो ॥ १ ॥

भूपःसर्वान्श्रावयति । अनंत श्रीमहाराज अपराजिताधिराज सकल महाराजानि सिरताज जग लाज को जहाज गरीब नेवाज महि-मंडल महेंद्र सुरेंद्र के उपेंद्र सम करन काज यश जागत जहान की भान समान प्रतापवान दान मान सनमान सुजान ज्ञान प्रेम निधान दिगजान भूप भूये ते शीलकेतु भूप की जोहार आप अनूप

कुशल स्वरूप हैं इत आपकी कृपाहीं कुशल है भुवनहित मुनि संग अंग अंग आभा उमंग अनंग आभा भंग करन हार आप के युगुल कुमार आये हम लोग लोयन लाहु पाये हितकारी महीपन मदमोरि महेश धनु तोरि मही कीर्ति छाई महिजा पाई सजि बरात आइये ब्याहि लै जाइये ॥

**श्रुत्वासोत्साहंदशरथजनकारो** । तात पत्रिका मो कों दीजै मातन कों सुनाऊं ॥

( इतिपत्रिकांगृहीत्वानिःक्रांतः ) नेपथ्ये ( मंगलगानकोलाहल )

**पद** । ललकतरहींकुंवरलखिबेकों सुन्योहोतबरब्याहहो । अबनअमात अनन्दउरकाहूमुनिपरभावअथाहहो ॥नृपदिगजानबीजसुखतरुको बोयोसुकृतसुहायहो । सोईयहिअवसरमहंअद्भुत फलोचहत बिशुनाथहो ॥

**भूपःमंत्रिणंप्रति** । अब गुरू गृह चलो चाहिये ॥

( ततःजगद्योनिजप्रवेशः )

**सविधिपूजयित्वान्नृप** । होंतो आपही के पास जातहु तो आप बीचही मिले बड़ी भाग्य ॥

**गुरुः** होंसुन्यो हितकारी डोल धराधर की खबरि आई है यातें आतुर चलो आयो हों ॥

( भूपः सहर्षं रुबेहृत्तांतंकथयति)

**जगद्योनिजः** । आप से पुन्यवान पुरषन के सकल काज आकस्मात हाहोय हैं ॥

**भूपः** । अब बरात चलिबे की सुघरी बताइये ॥

**गुरुः** । अबहीं आछो है ॥

( भूपः मंत्रिणंपश्यति )

**अंजलिंवध्वामंत्री** । महाराज आपतो महीमहेंद्र हैं सब तरह की तयारी हो बनी है ॥

**भूपःगुरुमप्रति** । आपकी कृपा ते यह सब काज भयो अब बरात लैचलिये ॥ इतिनिःक्रांतः सर्वे ॥

( सपरिकर शीलकेतु भूपप्रवेशः ) भूपः मंत्रिणं प्रति )
अंजलिंबध्वा मंत्री। महाराज अबतो बरात आगन मात्रही बाकीहै॥
प्रविश्यचारःअंजलिंबध्वा। महाराज सलामत दिगजान भूप सुत दरशन लालसा अति आतुर आये, होतों ज्यों त्यों कारियोजननमात्र बरात तें आगे आयो॥

## ( अपराजिताधिराजपत्रकेयम् )

सानंदंभूपःगृहीत्वा। अनेक श्री सकल महिमंडल मंडनानंद चंद अनंत चण्ड मार्तण्ड सम प्रताप वन्त उद्दण्ड दोर्द्दण्ड कोदण्ड प्रचण्ड वान नवखण्ड बैरिबरखण्ड बाहुदण्डखण्ड खण्डकारन खण्डन पाखण्डविज्ञान कृपानवान जाहिर जहान बिक्रम महान जङ्ग जयमान श्रुतिकेतु कीर्तिकेतु शीलनिकेतु शीलकेतु भूप जूयेते दिगजान भूप को जोहार, आप पत्रिका आई इतहूंकुशल बनाई। सुघरीआजुहिं पाई हरषि बरातचलाई॥
पुनः कर्णन्दत्वा ससंभ्रमं मंत्रिणंप्रति। महाराज निपट निकट आये निशानन के नाद सुने परैं हैं, चलो चलो आगे तें लीजिये॥
इतिनिःक्रांताःसर्वे।

## ( ततः प्रविशति सखीभियःसहितादेवी )

नेपथ्ये धावो धावो ल्यावो ल्यावो हाथी हाथी घोरे घोरे रथ रथ॥
आकर्ण्यचकितादेवी। अलीअट्टालिकाचढ़ि देखुतो कहा होय है॥

( दृष्ट्वासखी )

गद्य। जिन अङ्ग अङ्ग आभा उमङ्ग रङ्ग रङ्ग तुरङ्ग एकसङ्ग गमनत धुनि धारे मतवारे कारे शैल सम भारे संवारे दंतारे कतारेंन को गैल गैल ऐल फैल घहरि घहरि चलत बहल सहल सहल न चलत नर महल महल चहल पहल सब शहर टहल खैर भैर है यातें बरात की अवाई आतुर जानी जाय है॥
देवी। अरी होहूं कौतुक निरखन कों आऊं हौं॥
अन्यासखी। हे देवी दूनो महाराज को संगम देखि आगेतें सतमोद मुनि द्वारचार के ततबीर कों द्वारपर आये हैं॥
देवी। ह्यांई लेवाय ल्यावो॥

( ततःप्रविशतिसतमोदः )

**पूजयित्वादेवी ।** कैसी बरात है कैसे नृप हैं कैसे मिलन भयो ॥

**गुरुःगद्य ।** बिबिधि बरन बैरख ध्वज पताका निशान कुसमित कानन महान निसान आदि बाजन प्राधन जांगरादिगानकोकिलादि खग कूजनिभ्रमान परसत पटसुबास जलकन युत मृदु सिंधुर निश्वास आठौ दिसनि औ आकाश त्रैबिधिबतास को बिलास करत सुखमा प्रकाश युत अतिहीं हुलास ऐसी बसन्त ऋतु बरात जोहत उर सुख न समात अरु इत जात अगवानब्रात का अदभुत संगम भयो ॥

( देवीततस्ततः )

**सतमोदः पद ।** शोभासीवजगतपतिदोऊमिलनकाछिपटतरिये। उनकी पटतरयेहैंउनको पटतरउन्हैबिचरिये ॥

हितकारीओडीलधराधर समअंगसुठिसुकुमारे ।

विश्वनाथनृपसंगऔरहैं सुंदरयुगुलकुमार ॥ शोभा ॥ १ ॥

**प्रविश्य द्वारपालिका ।** महाराज दिगजान तो सूधे भुवन हितुही के निवेसचले गये अरु सुवन मिजन लखितिनको अद्भुत सनेहप्रशंसत महाराज द्वार पर आइ मोसों कह्यौ को गुरू को जनावै अबहीं कुमारनले इतआवैहैं ॥

**सतमोदः ।** होंततबीर को जाउं हों ॥

**देवी ।** होंहूं झरोखनतें लखि नैन सफल करन अट्टालिकाको जाइहों इतिनिःक्रांता: ।

( सकुमार दिगजान शीलकेतुप्रवेशः )

**शीलकेतुः ।** हे महाराज आपनो शाखोच्चार करिये ॥

**दिगजानः ।** हमारे गुरु करैंहैं ॥

**सस्मितःशीलकेतुः ।** जाको बंश शुद्ध होयहै सो कहा आपने मुख कहत लज्जित होयहै ? ॥

**जगद्योनिजः ।** महाराजन के पुरोहितई बंशोच्चारकरैहैं ॥

( इति शाखोच्चार करोति श्रुत्वा शीलकेतुरपि )

**गुरुः ।** शीलकेतु बंश कहाई डीलधराधर के अर्थ आपनी कन्यादेउ ॥

**भुवनहितः ।** इनतो बंश कहाई कन्या पाई यह काज सब मेरोकीन्हो

है दर्भकेतु की दूनो कन्या डहडहजगकारी, डिंभी दरकेअर्थदेउ ॥
शीलकेतुः । हमारी बड़ीभागि है जो मांगिकै संबंध करायो हितकारी तो भुज बल कन्या पाई है ॥
सतमोदः । आपजनवास को जाइये सकल चार करिये हमहूं ह्यांके चार करैहैं (इतिनिःक्रांततः)
प्रविश्य मंत्री द्वारपालं प्रति । महाराज सों जाहिर करो मोहिं कछू अर्ज करनेहै ॥

(द्वारपालोनिःक्रांतः)

प्रविश्यशीलकेतुः आजु तुम शंकित ऐसे कहाहै ॥
मंत्रीभूपकर्णेजयति । याबिवाह ऐसो भयो जाको सुरनर मुनिसब प्रशंसा करै हैं औ सब बात सुधरिगई अबलेहबश भूप को इतना न राखिये बेगिहीं बिदाकरिये बहुत रोज आयहूं भये ॥

(शङ्कितः नृपःकिंकारणम्)

मंत्री । हों मंगनन मुख खबरि पाई है हरधनु भंग धुनि सुनि रैणुकेय आश्रम तें गवन करनहार हैं जौलों आवैं तौलों अपराजिता नाह अपने नगरको पहुंचि जायं तो भली बात है औ मोकों बलाय दिगजानहू भूप या फरमायो है हितकारी डीलधराधर की मातानिरखन को बहुत उत्कंठित है बेगिहीं बिदाकरायदेउ ॥
उत्थवय्यनृपः । बहुत भली चलो बिदाकरैं ॥ (इतिनिःक्रान्ताःसर्व्वे)

(प्रविश्य सपरिकरो पराजितेशः दूतस्ततहसंचरति)

दिगजानः । गुरो शीलकेतु सांचे शीलकेतु हैं जिनको दान सनमान सुभाय हमको तो भूलकहो कहाकरै जिनसो छन भरे की भेंट भई है तिनकोजनमभरि नबिसरै है ॥
जगद्योनिजः । सत्यहै शीलकेतुनृप याही भांतिकेहैं ॥

(शंकितस्वरमाणःबंगदेशीयछात्रःप्रविशति)

छात्रं । अमीगौतमेर्शिष्यअमाकेगुरुतगादापठैयेसन । सुने धनुष भांगा अतिरागित रैणुकेयआस्ते छेन येखन ॥ यदपितुम्हार पुत्र हैये मनभयकिछुहोवैनतुमाके । विश्वनाथन्ट पखबरि जनायाछेनकरो बेनतनबिजताके ॥

**अर्थ** । अमी गौतमे शिष्य कहे हम गौतम के शिष्य हैं अमा के गुरु तगादा पठैये सन कहे हमको गुरु शीघ्रहीं पठायो है । सुने धनुष भांगा अति रागित रैणुकेय या छण में आवत हैं । यदपि तुम्हार पुत्र हैं ये मन भय किछु हबैन माके । कहें यद्यपि तुम्हारे पुत्र या भांति के हैं को तुमको कछु भय नहीं है । बिश्वनाथनृप खबरि जनाया छेन करिबेन तजविज ताके कहें है बिश्वनाथ नृप परंतु तुमको खबरि जनाई है ताको बिचार करियो ॥　　इतिनिःक्रांतः ।

(भूपः श्रुत्वा शंकितः विचारयति)

**विस्मितःमंत्रीअंगुल्यानिर्दिशति** । महाराज देखिये देखिये महाउपद्रव पेखो परै है ॥

**कवित्त** ॥ धरातउठावतअपारधूरिधुंधकार अंधकारकियेधाराधरनिधवा-यकै । तोरततरुनलैभंकोरनतेशाखवृन्दपूरिइन्द्रलोकहूकोपत्र नउड़ायकै ॥ अमितससानिघोंसोबधिरकरतकानखेर सेसहर कोन्हेछप्परढहायकै। कासिवीकंपावतसोकुटुरढहावतसोहाय ऐसोपौनकैसोकारि हैधौं आयकै ॥

**भूपः** ॥ गुरो गुरो या कहा महा उपद्रव होय है ॥

**जगद्योनिजः** । असगुनी बहुत पेखे परैहैं पै मृग दाहिने ओर चले आवै हैं यातें परिणामे भलाई होयगो ॥

( ततःप्रविशतिरैणुकेयः )

**अतिशंकितो मंत्री** । जैसे सिंह के ससेट लघु मृगन युथ्य ससेटि जाय ऐसी सिगरी सैन पेखी परै है ॥

**छन्दनराच** । विलोकि तेज योप्रचंड मारतंड चंदभे ।
बरै न बेदि बन्हि बायु बारिबेग बंदभे ॥
सुरेश लोक छत्रिबृन्द बंस्रते निरासभे ।
महीमहेंद्र रुद्रसे मुनिंद्र ते सत्रासभे ॥
दिपै त्रिपुंड भालमें जटा सुशीसमेंछजे ।
कुठारकंध है तुनीर हैकोदंड जसजे ॥
समुंज मेखुला मृगाकोचर्म धारनै किये ।

लसैं बिशाल नैनलाल जाहिरै रसैहिये ॥

छन्द भुजंगप्रयात ।

( अलंकाररुद्राक्षकेअंगकोन्हे ) करैदाहिनेदंडऔबानलीन्हे ॥
( हृदयमेंमहाअस्त्रकेधायराजैं ) मिलेमांतरौद्रउइन्हैमाहभ्राजैं ॥
जो गौतम शिष्य कहिगयो तोते रैणुकेय निश्चय ते येई जाने जाइहैं॥

य।नादवतीर्यन्टप: । पाद्य पाद्य अर्घ अर्घ ॥
रैणुकेय: जगयोनिज गुरु धनुष कौन तोरनो ॥
जगद्योनिज: । हितकारी ॥
रैणुकेय: ( आत्मगतं ) सर्बभूत हितकारी तो नारायण हैं और हर धनु भंगकरन हारदूजो कौन होइ गो ।

प्रकाशम

सवैया । पूरुबहोंइतिहासनमें सुन्योकोपिहरीमृगनारीसंघारी ।
फेरिगुरुगरदाबिकैनील कियोनमिटैवहनीलताभारी ॥
यद्यपिदागभयोहियरें रिसिसांतकरीबितीबातबिचारी ।
तोरिपिनाकनवीनकरो हरिहौसबगर्बजोशिष्यपुरारी ॥ १ ॥
रनपच्छिपतीसबपच्छनलच्छन बानसपच्छनतेंतोरिहौं ॥
बहुअस्त्रनशस्त्रनसागरमें परपच्छिनतच्छनहींबोरिहौं ॥
बरबिद्यामहेशजोमोहिंदई दरशायमकुंदमदैमोरिहौं ।
गहिचक्रकोबक्रकैकाटिकौमोद कौटूकपिनाककेहोंजोरिहौं ॥

( तिर्यगवलोक्य )

छंद पद्मावती । यह काको दल भारी है ।
भुवनहित: । यहि पालक हितकारी है ॥
रैणुकेय: । कहुकिनवेगिमुरारी है ॥
शिर:संचाल्यभुवनहित: । जिन घातिनि सरजारी है ॥
रैणुकेय: । तिय मारि पराक्रम कौन कियो ॥
भवनहित: । शरएकतनैतेहिफेंकिदियो ॥
रैणुकेय: । इतनैपरभावसुनामलयो ॥
भुवनहित: । पगछ्वैजेहिपाहननारिभयो ॥
रैणुकेय: । तुमऔरकीऔरबनावतहौ शिशुकोअतभाषिभोरावतहौ ॥

भवनहित: । तिनकासोपिनाकहुतोरिदिये ॥ मुनिहोपरभावमैशंककिये ॥
रैणुकेय: । अरे प्रभाव भनि भटाई कहा करै है यह हितकारी कौन है सो बताउ ॥
भुवनहित: । येदिग जान महाराज के चारि पुत्र हैं तिन में अग्रज हैं ॥
विस्मितरैणुकेय: आत्मगतं । चंडहू के प्रचंड दोर दंड को दंड करषत श्रम पावत रहे सो बाल बाहु दंडन ते टूट्यो काल गति जानी नहीं जाय ॥
प्रकाशम् । कहा वह धनुष तोरनहार हितकारी है ॥

( चत्वारोभ्रात: रथादवतीर्य उपसर्पन्ति )

रैणुकेय: आत्मगतं कवित्त । जोपैहोतोकामनामसुनतमहेशजूको धनुकोप्रनामकरिदूरिहीतेभाजतो । होतोजोसिंगारतोअकारताकोरस-हो है कैसेकैप्रतंचापानिगहितामेसाजतो ॥ होतोहरिहोतेचारिबाहुधारे शंखआदि वीरनरदेवनमैऐसोकौनभ्राजतो । भारीछबिधारोहठिमोरो मनहारो यहकोहैहितकारीरूपरोमरोमराजतो ॥ १ ॥

( अंजलिंबध्वा )

उद्दडहजगकारी । अग्रज ये मुनिहैं कैछत्रीहैं निश्चय नहीं होइ ॥
हितकारी । दशदिग दुरदरदरद करनकरनघट अग्रजमद हरनहरन हारहजार करन नर्वदा धारधार कुठार सों सोनृप बीरन रनमुनि हैं ॥
तत: चत्वारोभ्रातर:मुनिंप्रति । पायंपरियतु है पाय परियतु है ॥

( वामकरेण शिरंदत्वा रैणुकेय: )

छंद । अरेमोहिजानैन ? ॥
हितकारी । तुम्है कोनजानैन ॥
रैणुकेय: । फुटेहियजानैन ! ॥
हितकारी । कहाआपजानैन ॥
रैणुकेय:सवैया । तोरिपिनाकवकैबहुबाकचहै अबआसुहिंनाकसिधारी ॥
हितकारी । बालसुभायनखेलनकोंछुयोटूटगोबनायेबनैधोंबिचारी ॥
रैणुकेय: । सोबनिहैनबनैयहबात दैपानिदोऊगृहपंथसिधारी ॥
हितकारी । हाजिरहैंमुनिहाथहजूरमेंस्वामीसोंहैकहादासकेचारी ॥ १ ॥

रेणुकेय: । अरे कहा दया करावै है सर्व छत्रानी गर्व अर्भ वसा
वासित या कुठार धार है ॥

( इतिश्रुत्वादिगजान:भूमौपतति )

( मूर्छितंपितरमवलोक्यईषदश्रुसिक्तनेत्रप्रांत: )

हितकारी । आपसे मुनिन के बदन ऐसे बचन नहीं खुलै हैं ॥

रेणुकेय: । कुंडलिया ।भटछत्रियछितिछत्रपतिधनुधारीबरिवंड । तिनके
रुधडनमुंडसों पूरकियोनवखंड ॥ पूरकियोनवखंडवपुषयकयक
कुठारसों । नवविद्यनदियतोषियेककोरुधिरधारसों ॥ जगजो
निजहितभुवनभीखिमांगनपटुलैपट । असमुनिमोहिंजनिजानु
बालमैमुनिहौंरदभट ॥ १ ॥

( गुरुनिंदाश्रुत्वासक्रोधंडहडहजगकारी )

छंद । सम्हारिबैनभाषिये । मुनीशहू नमाषिये ॥ गुरुननिंदनोमुने । क्षमा
करीदुजैगुने ॥

सक्रोधंरेणुकेय: । कुठारधारदेखिकै । करालकाललेखिकै ॥ सपच
मानभक्षसो । अकब्बजब्बरक्षको ॥

दोहा । बारयकोसनिछत्रचिति कीन्होधरंकुठार । दुजताइहितें
मानिबे लायकमैहौंबार ॥

सक्रोधंडीलधराधर: । यकइसबारनिछत्रिछितिजबकीन्होंमुनिराजु ।
हितकारीसमक्षत्रिनहिं रच्योजानिहोआजु ॥ २ ॥

सोत्साहंरेणुकेय: । भली कही भली कही ॥

छंदतरंगिनी । हितकारित्रिभुवननाह । गुनिभयोरनउत्साह ॥
पुनिबालकोमलजानि । मनभईबातगलानि ॥
तैबलजुवरननकीन । रनचैनभयेनबीन ॥ १ ॥

पुन:हितकारिणंप्रति । हितकारिलेधनुहाथ दरसाउसोबलगाथ ॥

( सक्रोधंडिंभोदर:मंत्रिणंप्रति )

सवैया । भाषतहैकरिक्रोधमहाअपराधकहाधनुहीयकतोरिकै । ब्राह्मण
हत्यै हतेनृपहैहय मारिकैगर्बभरयोहियभोरिकै ॥ अग्रजतोनों
चलैघरकों गुरश्रीमहराजउसैनबटोरिकै । आवतहौंहूचलोई
अहौं अबहींमुनिकोमदमाटसोफोरिकै ॥

( सक्रोधं रेणुकेयः कुठारमुद्यम्यतं प्रति )

छंदपद्धरी । सुठिकठिनचापबिगनेसदंत । तोहिभयोहुतोरेश्रमअनंत ॥
भैनाहिंत्रिपितिअतिक्षुधितहोउ । सिसुगलश्रोनितअबधीउपीउ ॥

( सक्रोधंचयोभ्रातरःशीर्घंधनुर्हस्ते कुर्वंति )

हितकारीछंदचौपैया ।

सुनियेसबभाई है नवड़ाई क्रुद्धविप्रसोंयुद्धकिये ।
जोगाइमरकहों नाहिंकोउकहो ताहिमारिबोखड्गलिये ॥ मुनिकहं
रिझाइबो जीतिपाइबो इहै नीति श्रुतिमांहकही । अबशीसनवावा
छमाकरावो अस्तुतिकरिकरिपांयगहो ॥

( भ्रातृभिःसहप्रणम्य हितकारी )

छंद । प्रभुपालकयेबालकछमाकरी । भूलेहुंहियरेरोषनकबहुंधरो ॥
कारिरनजबहिंकुमारहिजीतिलियो । गौरीसहितमहेशहुकृपाहि
कियो ॥

सस्मितंरेणुकेयः गद्य । निजकुलकुलिदलहितकारी हितकारीबात
तिहारी हारी मन है तदपि बालक छुद्र छुद्र बचन बचन लायक
बोलत नहीं है गुरुअपकार कारमुख भंग भंग अंग बिनु कीन्हें
कैसे सहो जाय ॥

हितकारी । हो सेवक खरो खरोई हों जेहि रिस जाय सजाय सो
करि लीजे ॥

रेणुकेयः । छंद । मममयछत्रियनेमोब्राह्मणानोहिपढ़ायो । भूलिशो
कहरनत्रसेनाहितोसोंबनिआयो ॥ बिनयकरतहै कहाधनुषधरि
मोहिंरिझावै । कैआसुहिंआवतहूंतातसमस्वांगलेआवै ॥ १ ॥

( गुरुपित्रोर्निंदांश्रुत्वासक्रोधंहितकारी )

छंदपद्धरी । गुरुनिंदतहौतुमबारबार । दुजगुनडरियतुहमनहिंकुठार ॥
सबशासनकरिबेकहंतयार । सोकरहुकहियजोकरिबिचार ॥

सक्रोधंरेणुकेयःछंदनाराच । कोदंडभौरमाइबोरिदेहुंभूमिइन्द्रको ।
कुठारबीचिमेबहायसैनबृन्दबृन्दको ॥ कुमारचारिजारिदेहुंक्रोधबाड़-
वग्निमैं । जोलेहुंशंभुबैरयेंातोसांचयामदाग्निमैं ॥

छंदतरंगिनी । करिछत्रिनयनिरमूल । जगराखिजनअनकूल ॥

( अबक्रोधहेतमिटय ) तपसुचितकरिहौंजाय ॥

हितकारी। छंदगीतिका ॥ जेबचनपूरुबकहेतिनतेंगुन्योगर्वहिआर्ति है। यहबातमुनिवरभलीभाषीकरनहमकहंसाति है ॥

सक्रोधंरैणुकेय:। रेबालबढ़िबढ़िकहाबोलतसुनीपुरुषनगतिनहीं। धरु बानधनुरनगुनेजोबलवानक्षत्रियकुलमहीं ॥

भुजंगप्रयातछन्द। रनैछोनिबेदीअनीइन्धजारों। बढ़ेकोपज्वालानृपै होमिडारों।कुठारैश्रुवाबालआपुषपधारों। दोऊबिप्रकोसेवकैमूड़िडारों ॥

सांतिक्रोधंहितकारीछंद। अबलोंबिप्रमानिरिसिरोंकोपुनिपुनिगुरु निंदनैररै। डिंभीदरदेदेधनुमेरोदेखहुंमुनिधौंकहाकरै ॥

सक्रोधंरैणुकेय:। वहधनुधरितैयुद्धनलायकयहबरहरिधनुहाथधरै। औसरकरकरिजोरिशरासनऔसरबहिरनकोनिबरै ॥

(रैणुकेयहस्ततोधनुराकृष्यआरोप्यचहितकारीटंकरवति)

ततःजगद्योनिजंप्रतिभुवनक्षितः।

कबित्त। डोलीधराबारबारदिग्गजचिकारकीन्हो हालिगोहजारसीस कच्छअकुलान्योहै। दैत्यबिकरारभयमयहिअकारभयेपारावार बारिबेलछोड़िछहरान्योहै ॥ जैजैशब्ददेवदारसहितपुकारकरैं प्रलयसंसारहोतमनअनुमान्योहै। देखौंयमदग्निबारकरतेंकुठारै गिरनो सरिसहजारकद्रराजवारजान्योहै ॥

हितकारी। छंदतरंगिनी ॥ सरजुरनोयहिकोदंड। किनलेहुपरस प्रचंड ॥ तबनिजनराखेहुआघु। कतकंपतन्हातसोमाघु ॥ अबरनसोमंडियअत्र्य। ममगुरुनिकरियेशिष्य ॥ जेहिजोर कियोनिछत्र। प्रगटहुसोकरकरिअत्र ॥ १ ॥

(सभयरैणुकेय:)

चौपैया। जैपुरुषपरेसाजासुनिदेसारबिससिउड़गनपवनचलै। सबकेउपकारीजैहितकारीपरमपुरुषजेहिजसअमलै ॥ तुमहींतेचेतनसबहीकेतनहोंकेहिबलतेंयुद्धकरौं। अपराधमहानाभोभगवानाक्षमहुक्षमहुंप्रभुपांयपरौं ॥

हितकारी सो० ॥ यहअमोघसरमोर हतहु कहांअबभाषये।

(...बोपकारिणींहितकारिणींविचार्य्य)

...: । देखिदयाहगकोर मोरिस्वर्गगतिमारिये ॥

स्वर्गगतिंगतांज्ञात्वा । हों तप करन जात हों यह रूप तुम्हारो हमारे हिये में बन्यो रहै ॥        ( इतिप्रणम्यनिक्रांत: )

(तत:जगद्योनिज: भूपसुतथाप्य वृत्तान्तंश्रावयति)

**सहर्षभूप:** ॥ आपसे जाके गुरु हैं ताको सकल भय नेवारनहो यामें कहा आश्चर्य है अब आशु अपराजिता कौ सुतर सवारजोड़ी भेजिये औ बरात चलाइये । इतिसर्वेनि:क्रांता: ॥

( सभृत्यमंत्रीप्रवेश: )

**मंत्री** । गलिनगुलाबसिंचावो महल कल कलसन नवल पताक चढ़ावो सकलस सगान सवाद्य कन्यन आगे चलावो बरात निकट आई ॥

( नेपथ्यकोलाहल: )

**भजन** । सहितबरातभूपइतआवैं । टेक ।
खैरभैरयुतशहरलसतअति रहसिबिहंसिनरधावैं ॥
चलोचलोलोचनफललीजै अबआनंदमितिनाहीं ।
ललकतरहीकुंवरलखिबेको लखबबधुनसंगमाहीं ॥
उतरहिंचढ़हिंअटनउतकंठितमातनसुखकिमिकहिये ।
विश्वनाथजपरबरषनहित लाजामोतिनगहिये ॥ १ ॥

**तत:** । प्रविशंति एकत: नीराजनंगृहित्वा सपरिवारादेवाअन्यत: स बधूका: शिविकारूढ़ा: कुमाराश्च ।

**सखीसखींप्रतिभजन** । परछतमैयनसुखअधिकाई । टेक ।
आनंदजलउमगतअंबकयुग भूलिभूलिविधिजाई ॥
सुतसुतबधुनतकाहिंजनचाहहिं हगमगाहियहिसमाई ।
विश्वनाथमुखचूमितोरितृण पुनिपुनिलेहिंबलाई ॥

**पुरोहित:** । सुत सुत वधू देव दरशन कराय सोवावो ॥

इतिनि:क्रांता:सर्व्वेप्रथमोंक: ॥ १ ॥

इति श्री मन्महाराज धिराज बांधवेश श्री महाराज बिश्वनाथ सिंह देवजू कृतआनन्दरघुनन्दन नाम नाटके प्रथमोङ्क: ॥

---

# अथ द्वितीयाङ्क प्रारंभः ॥

( सशिष्य जगद्योनिजप्रवेशः )

**शिष्य** । गुरो रबिराक्षस रनरुधिरकीललाई पश्चिम दिशि छाईभाई फेरि मारतंड प्रचंड तें खंडखंड करिउड़ाये अस्थिखंडये नभपेखे परैहैं ॥

**गुरुसस्मितं** । यह ब्रह्म कुंडजा तट हौं संध्या करौं हौंतुमहूं जाइ संध्या करौ ॥ ( इतिशिष्यःनिःक्रांतः )

( गुरुःसंध्यावन्दनंनाटयति प्रविश्य ब्रह्मकुंडजा प्रणमति )

